## एक नजर में

### ईस्टमैन ऑटो एंड पॉवर ने सोलर समाधान पेश किए

**इंदौर.** ईस्टमैन ऑटो एंड पॉवर लिमिटेड ने ग्लोबल सोलर एक्सपो 2025, इंदौर में अपने सोलर सॉल्यूशंस पेश किए हैं. इससे सस्टेनेबल एनर्जी और टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन की ओर कंपनी की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है ईस्टमैन ने आधुनिक सोलर उत्पादों के अपने अत्याधुनिक समाधान यहाँ पेश किए ये समाधान स्मार्ट, विश्वसनीय और ईको-फ्रेंडली ऊर्जा उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए विकसित किए गए हैं. ईस्टमैन बूथ पर मौजूद सोलर ऊर्जा उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला किफायती और भरोसेमंद पॉवर डिलीवरी के लिए तैयार की गई है। अपने इस पोर्टफोलियो के साथ ईस्टमैन ने ऑन-ग्रिड, ऑफ-ग्रिड और हाईब्रिड सिस्टम्स में एंड-टू-एंड सोलर एनर्जी सॉल्यूशंस के भरोसेमंद प्रदाता के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत किया है।

### एचपी ने लॉन्च किए किफायती ओमनीबुक लैपटॉप

**इंदौर.** एचपी ने आज भारत में नेक्स्ट-जेन एआई पीसी की सबसे किफायती लाइन-अप को लॉन्च किया. नई एचपी ओमनीबुक 5 और 3 सीरीज को किफायती विकल्प तलाश रहे यूजर्स को नेक्स्ट-जेन एआई क्षमताओं से लैस लैपटॉप देने के लिए डिजाइन किया गया है. क्वालकॉम स्नैपड्रैगन एक्स प्लस प्रोसेसर्स से लैस ओमनीबुक 5 और एएमडी राइजन एआई 300 सीरीज वाले ओमनीबुक 3 में डेडिकेटेड न्यूरल प्रोसेसिंग यूनिट (एनपीयू) है, जिसकी क्षमता 45 से 50 ट्रिलियन ऑपरेशंस प्रति सेकेंड (टीओपीएस) तक है. एचपी इंडिया के सीनियर डायरेक्टर दृ पर्सनल सिस्टम्स विनीत गेहानी ने कहा, 'हमारे नए एचपी ओमनीबुक नेक्स्ट-जेन एआई पीसी की लॉन्चिंग के साथ हम एआई टेक्नोलॉजी को ज्यादा से ज्यादा यूजर्स के लिए सुगम बना रहे हैं। इस नई लाइनअप से किफायती दाम में इंटेलीजेंट फीचर्स, स्ट्रॉन्ग परफॉर्मेंस और बेहतरीन डिजाइन का आनंद मिलता है.

### अमेजन प्राइम डे नए लॉन्च, बेहतरीन डील्स

**इंदौर.** अमेजन इंडिया अपने सबसे प्रतीक्षित शॉपिंग इवेंट- प्राइम डे 2025 के लिए पूरी तरह तैयार है, जो विशेष रूप से प्राइम मेंबर्स के लिए आयोजित किया जा रहा है. 12 जुलाई की मध्यरात्रि 12 बजे से लेकर 14 जुलाई की रात 11.59 बजे तक, 72 घंटों की नॉन-स्टॉप शॉपिंग के लिए तैयार हो जाइए, जहां मिलेगा सबसे बड़ा कलेक्शन, सबसे तेज डिलीवरी, बेमिसाल डील्स और ब्लॉकबस्टर एंटरटेनमेंट. प्राइम, डिलिवरीज और रिटर्न्स, इंडिया और इमर्जिंग मार्केट्स के डायरेक्टर अक्षय साही ने कहा, प्राइम डे हमारे ग्राहकों के लिए एक उत्सव है, और इस साल हम इसे अब तक से भी बड़े स्तर पर मना रहे हैं, 72 घंटों की शॉपिंग, बेहतरीन बचत और ब्लॉकबस्टर एंटरटेनमेंट के साथ। हजारों डील्स के साथ, प्राइम डे देशभर के प्राइम सदस्यों के लिए अमेज़न का सबसे अच्छा अनुभव लाएगा. अमेज़न इंडिया और ऑस्ट्रेलिया के उपाध्यक्ष ऑपरेशंस अभिनव सिंह का कहना है, हमारा पैन-इंडिया लॉजिस्टिक्स नेटवर्क ग्राहकों को तेज और सुविधाजनक सेवाएं प्रदान करने की नींव है, और हम पूरे देश में तेज, भरोसेमंद सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### हनुमान जी की प्राण-प्रतिष्ठा विधिविधान से संपन्न



**इंदौर.** शहर के प्रेस क्लब के पास पार्किंग परिसर स्थित नवनिर्मित हनुमान मंदिर में रविवार को भगवान हनुमान जी की विधिविधान से प्राण-प्रतिष्ठा की गई. इस अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला. प्रातः काल से ही मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चारण, पूजा-पाठ, और धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ हो गए थे. भक्तों ने मिलकर सुंदरकांड का सामूहिक पाठ किया और पश्चात् महाहवन का आयोजन संपन्न हुआ. पूरा वातावरण भक्ति रस और धूप-दीप की महक से भर उठा. पंडित नवीन शर्मा ने बताया कि मंदिर में प्रतिष्ठित किए गए हनुमान जी की मूर्ति पूर्वमुखी है, जो शास्त्रों के अनुसार अत्यंत शुभ और कल्याणकारी मानी जाती है. प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय श्रद्धालु, गणमान्य नागरिको की उपस्थिति रही. मंदिर का निर्माण जिलाकोर्ट के सामने, प्रेस क्लब के पास पार्किंग परिसर में हुआ है, जो अब श्रद्धालुओं के लिए एक नया आध्यात्मिक केंद्र बनकर उभर रहा है.

### डीफेंडर ऑक्टा ब्लैक : टफ लक्ज़री 4×4 रॉक स्टार

**इंदौर.** ऑन-रोड और ऑफ-रोड सबसे शानदार परफोर्मेन्स देने वाली डीफेंडर ऑक्टा अब और भी बोल्ड अंदाज़ में आ गई है : डीफेंडर ऑक्टा ब्लैक. बेहतरीन परफोर्मेन्स देने वाली यह 4×4 हीरो, एक्सटेंसिव ब्लैक डीटेलिंग के साथ पहले से अधिक मजबूत, अधिक सक्षम और डीफेंडर फैमिली का और भी लक्ज़री मॉडल है, जो अधिक उद्देश्यपूर्ण मौजूदगी के साथ पहले से कहीं बेहतर लक्ज़री का अहसास देता है. इस बदलाव के तहत 30 बाहरी एलीमेन्ट्स को ब्लैक फिनिश दी गई है. मार्क कैमरॉन, मैनेजिंग डायरेक्टर, डीफेंडर ने कहा डीफेंडर ऑक्टा की मौजूदगी और प्रयोजन से इन्कार नहीं किया जा सकता : यह सबसे उंची और सबसे चौड़ी डीफेंडर है, जो किसी भी मुश्किल रास्ते से निपटने में सक्षम है. डीफेंडर ऑक्टा ब्लैक मजबूती और लक्ज़री को एक पायदान उपर ले गई हैं.

### ग्लो एंड लवली का नया कैंपेन 'अपनी रोशनी बाहर ला'

**इंदौर.** स्किनकेयर ब्राण्ड्स में से एक ग्लो एंड लवली ने राष्ट्रव्यापी अभियान 'अपनी रोशनी बाहर ला' के साथ एक नए चैप्टर की शुरूआत की है. नई पीढ़ी की महिला इन्फ्लुएंसर्स को सशक्त बनाने के उद्देश्य से यह अभियान लाया गया है. ब्राण्ड की यह पहल युवा भारतीय महिलाओं की विज़िबिलिटी, वॉइस एवं इन्फ्लुएंस का जश्न मनाती है. ओगिल्वी मुंबई द्वारा तैयार किया गया ग्लो एंड लवली कैंपेन, महिला क्रिएटर्स के एक शक्तिशाली समूह द्वारा पेश किया गया है, जो 'अपनी रोशनी बाहर ला' की भावना को अभिव्यक्त करती हैं. यह कैंपेन जानी-मानी क्रिएटर्स जैसे शहनाज़ गिल, जन्नत ज़ुबैर, नाभा नतेश, लारिसा डी'सा, अवनीत कौर, श्रेया प्रियम और चुम दरंग की कहानियों पर रोशनी डालता है. इस कैंपेन में हर क्रिएटर अपनी अनूठी कहानी, आवाज़ और प्रभाव (इन्फ्लुएंस) को पेश करते हैं.

### उपभोक्ताओं का झुकाव बढ़ा प्राकृतिक लक्ज़री की ओर

**इंदौर.** आत्म-अभिव्यक्ति की इस दुनिया में अब लक्ज़री सिर्फ़ पज़ेशन तक ही सीमित नहीं है- यह प्रयोजन के साथ जुड़ गई है। आज के उपभोक्ता आभूषणों को सिर्फ़ खरीदना नहीं चाहते बल्कि इन्हें अपनी पहचान बनाना चाहते हैं। और प्राकृतिक हीरों के प्रति बढ़ता लगाव इसी भावनात्मक बदलाव को दर्शाता है- एक ऐसा प्यार जो सिर्फ सुंदरता में नहीं बल्कि स्थायित्व, उत्पत्ति एवं अर्थ में निहित है. यह बात डी बियर्स इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर अमित प्रतिहारी ने कही. उन्होंने कहा भारत में प्रकृतिक हीरे कुल ज्वैलरी रीटेल का तकरीबन 10 फीसदी हिस्सा बनाते हैं- इनका मूल्य 2024 में 8.5 बिलियन डॉलर था और उम्मीद है कि यह आंकड़ा दोगुना होकर 17 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा. इस दशक के अंत तक रत्न एवं आभूषणों का मार्केट 130 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, लगातार बढ़ते ये आंकड़े न सिर्फ बढ़ती समृद्धि को बल्कि उपभोक्ता मूल्यों में हो रहे गहरे बदलावों को भी दर्शाते हैं.

### कॉर्टेवा एग्रिसाइंस ने लॉन्च किया डेलाडैक्सिन

**इंदौर.** कॉर्टेवा एग्रीसाइंस ने डेलाडैक्सिन नाम से एक नया व्यापक कीट नियंत्रण समाधान लॉन्च किया है, जिसका उद्देश्य धान की खेती करने वाले प्रमुख राज्यों के किसानों को ब्राउन प्लांटहॉपर (बीपीएच) और स्टेम बोरर जैसे लगातार नुकसान पहुँचाने वाले कीटों से बचाव में मदद करना है. ये कीट पौधों की वृद्धि को रोकते हैं, उन्हें मुरझा देते हैं और दानों के विकास को भी प्रभावित करते हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान होताहै. डेलाडैक्सिन डुअल-एक्शन सुरक्षा प्रदान करता है और फसल के स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है, खासकर उस समय जब धान की फसल वानस्पतिकअवस्था से फूल आने की अवस्था में प्रवेश करती है और कीटों के हमले की संभावना सबसे अधिक होती है.

# केंद्र-राज्य की योजनाएं जनता तक पहुंचाएं, कार्यकर्ता का सम्मान मेरा काम : खंडेलवाल

नव भारत न्यूज

**इंदौर. प्रदेश भाजपा के नवनियुक्त अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से कहा कि मैं ऐसे पद पर नहीं हूं कि गर्व किया जाए. मुझ पर पार्टी और कार्यकर्ताओं का दायित्व है. आप केंद्र और राज्य की योजनाओं को जनता तक पहुंचाओ, बाकी कार्यकर्ताओं का सम्मान करना मेरा काम और दायित्व है.**




उक्त बात प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने इंदौर प्रथम नगर आगमन पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही. उन्होंने कहा कि मैं कार्यकर्ताओं को प्रणाम करता हूं. आज इंदौर में पहली बार मालूम पड़ा कि यहां के कार्यकर्ता भाजपा से इतना प्यार करते है. मैं सभी का वंदन करता हूं. मैं ऐसे पद पर नहीं हूं कि गर्व किया जाएं, बल्कि पार्टी का मुझ पर दायित्व है. आज पार्टी हर कार्यकर्ता स्वयं को प्रदेश अध्यक्ष समझे, क्योंकि मैं आदिवासी अंचल का कार्यकर्ता हूं. भाजपा ने आपके बीच से ही एक कार्यकर्ता को यह दायित्व सौंपा है. इंदौर के हर कार्यकर्ता का सम्मान है. आज इस सम्मेलन स्थल का नाम उत्सव चंद पोरवाल और भोजनशाला का नाम गोकुलदास भूतड़ा के नाम रखा है.

यह पार्टी वरिष्ठ नेताओं के प्रति भावनात्मक श्रद्धांजली है. खंडेलवाल ने अपने संबोधन के शुरू में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की. साथ ही वरिष्ठ नेताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि मैं स्वागत का कर्ज उतारने की कोशिश करूंगा. उन्होंने कार्यकर्ताओं को सीख देते हुए मीडिया से दूर रहकर पार्टी का काम करने की सलाह दी और कहा पार्टी जो ज़िम्मेदारी दे उसको मन से पूरा करो और भाजपा को मजबूत करो. वैसे हम सभी विधानसभा जीते हैं, लेकिन संगठन को और ऊंचाई पर पहुंचाना है.

> **समाज की कमियों को दूर करना है : विजयवर्गीय**
>
> कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि हेमंत खंडेलवाल में जो सहजता, सरलता, विनम्रता देखने में मिली है, उनकी यह विशेषता मैं कैलाश जोशी के रूप में देख रहा हूं. हम भाजपा के कार्यकर्ता है, समाज की कमियों को दूर करना है. लव जिहाद उसमें सबसे बड़ा गलत काम है और उसका जमकर विरोध करे. नरेंद्र मोदी और मोहन यादव दोनों की जोड़ी विकास में लगी है. केंद्र और राज्य के योजनाओं का घर घर जाकर प्रचार करे और जानकारी ले कि योजना का लाभ जनता को मिल रहा है कि नहीं. विजयवर्गीय ने खंडेलवाल को गणेश जी की कसम देकर बोला कि आज के बाद आप मेरे पैर नहीं छुएंगे.

> **अमेरिका चीन से आगे होगा भारत**
>
> खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आने वाले समय में चीन और अमेरिका के आगे भारत होगा. देश में मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में लगातार निवेश से लेकर हर वर्ग के लिए योजनाएं बनाई गई है. मुख्यमंत्री और मोदी के लिए कार्यकर्ता आगे बढ़ें. दोनों सरकार जो काम कर रही है, उसको जनता तक पहुंचाने का काम कार्यकर्ता करें. पार्टी की कमियों को दूर कर हम भाजपा को मजबूत करेंगे.

> **मैं आपके आंगन की तुलसी**
>
> सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का पूरे संसदीय क्षेत्र की ओर से स्वागत है. तुलसी सिलावट ने कहा कि 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया के नेतृत्व में सरकार बनाई थी. वो मुझे बैंगलोर में मिलने आए थे, उसमें खंडेलवाल ने मुख्य भूमिका निभाई और मैं आपके आंगन की तुलसी हूं.

**स्कूटर कार्यकर्ता लेकर जाते थे**

सुमित मिश्रा ने बताया कि नीले कलर की स्कूटर थी और वो कार्यकर्ता लेकर चले जाते थे. विभिन्न दायित्व का निर्वाह करते हुए बैतूल अध्यक्ष और फिर प्रदेश अध्यक्ष बने. मिश्रा ने सांसद से लेकर मंत्री, विधायकों का परिचय दिया. खंडेलवाल को भरोसा दिलाया कि आपके नेतृत्व में नगर संगठन का कार्यकर्ता आपके आदेश का सम्मान करेगा. कार्यकर्ता सम्मेलन का स्वागत भाषण और परिचय महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने दिया. कार्यक्रम में संगठन मंत्री हितानन्द शर्मा, सह प्रभारी राघवेंद्र गौतम, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, पूर्व संगठन मंत्री, विधायक महेंद्र हार्डिया, मनोज पटेल, रमेश मेंदोला, मधु वर्मा, मालिनी गौड़, महापौर कृष्ण मुरारी मोघे, बाबूसिंह रघुवंशी, सत्यनारायण सत्तन, जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा, पूर्व आईडीए अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, गोपी नेमा, जीतू जिराती, एमआईसी सदस्य निरंजन सिंह चौहान, राजेश उदावत, मनीष शर्मा मामा, नंदू पहाड़िया, बबलू शर्मा, वीरेंद्र व्यास, प्रवक्ता आलोक दुबे, रितेश तिवारी, नितिन द्विवेदी , सभी पार्षद, मंडल और वार्ड कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे.

## जोरदार स्वागत किया



नव भारत न्यूज

**इंदौर.** आज प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का प्रथम इंदौर आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया. खंडेलवाल का एग्जोटिका बायपास पर तुलसी सिलावट ने सांवेर विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत किया. इसके बाद खजराना गणेश मंदिर में पूजा के बाद बंदी छोड़ गुरुद्वारे में मत्था टेक कर अरदास की. गुरुद्वारे से रैली के रूप में कार्यक्रम स्थल तक सोलारिस होटल तक 50 से ज्यादा मंचो से स्वागत किया गया. इस दौरान गुरुद्वारे से कार्यक्रम स्थल टीडीके मधु वर्मा ने अपनी ताकत का जोरदार प्रदर्शन किया. स्थिति यह थी कि कैलाश विजयवर्गीय और रमेश मेंदोला को भी वर्मा ने स्वागत, सत्कार और भीड़ में पीछे छोड़ दिया. रैली में भी सबसे ज्यादा मंच विधायक मधु वर्मा समर्थकों के लगे थे. अंत में भाजयुमो के नगर अध्यक्ष सौगात मिश्रा युवाओं बड़ी की टीम के साथ शक्ति प्रदर्शन किया.

# कर वृद्धि के विरोध में कांग्रेस का झोनल कार्यालयों पर कल प्रदर्शन

नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगर निगम द्वारा विभिन्न करों में वृद्धि के विरोध कांग्रेस कल सभी झोनल कार्यालय पर प्रदर्शन करेगी. कांग्रेस द्वारा कर वृद्धि वापस लेने की मांग को लेकर आज पत्रकार वार्ता के गई.**



आज निगम नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे और शहर अध्यक्ष सुरजीत चड्डा ने मीडिया को बताया कि नगर निगम ने सभी करों के रेट जोन 1 और 2 में बेतहाशा वृद्धि की है. यह वृद्धि जनता से झूठ बोल कर की गई। चोल्स ने बताया कि संपत्ति कर में 25 से लेकर 95 प्रतिशत, जलकर में 10 से लेकर 70 प्रतिशत, किराए में 20 प्रतिशत सहित विभिन्न मद में जनता को बिना बताएं करदी कर दी है. एक कार्य राजस्व अधिकारी, निरीक्षक और दरोगा की राय से की गई है. चौकसे ने आरोप लगाया कि कर वृद्धि के खिलाफ परिषद की बैठक में चर्चा नहीं की गई. कर वृद्धि में क्षेत्रीय पार्षदों से प्रस्ताव नहीं लिए गए और न ही उनको वृद्धि की सूचना दी गई. निगम द्वारा की गई विभिन्न कर वृद्धि के विरोध में कांग्रेस कल 9 जुलाई को सभी 22 झोनल कार्यालय पर धरना, प्रदर्शन करेगी. कांग्रेस की कर वृद्धि वापस लेने की मांग को लेकर ज्ञापन देगी. प्रेसवार्ता में इंदौर प्रभारी रवि जोशी, पार्षद राजू भदौरिया, पिंटू जोशी मौजूद थे.




# जनभागीदारी मॉडल पर आधारित संजीवनी क्लीनिक का शुभारंभ

**इंदौर. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत शहर में मोहल्ला क्लीनिक की तर्ज पर प्रदेश सरकार ने संजीवनी क्लीनिक शुरू किये हैं. महापौर पुष्यमित्र भार्गव के मुख्य आतिथ्य में एवं विधायक मालिनी लक्ष्मणसिंह गौड़ की विशेष उपस्तिथि में बालकृष्ण कॉलोनी (बालदा कॉलोनी) में सीएम संजीवनी क्लीनिक क्लिनिक का शुभारम्भ किया गया.**

विधायक मालिनी लक्ष्मणसिंह गौड़ ने बताया सेठी नगर, लोधा कॉलोनी एवं आसपास के रहवासियों को क्लिनिक की स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा. वार्ड 67 की क्षेत्रीय पार्षद प्रियाजी डांगी भी उपस्थित रहीं. महापौर श्री भार्गव ने बताया कि इस क्लिनिक में 220 प्रकार की दवाइयां और 117 प्रकार की जांचे उपलब्ध रहेगी. इस अवसर पर डॉ विनय पाण्डे, भारत पारीक, रहवासी संघ की तरफ से प्रकाश राठौर, शिव गौड़, बंशीलाल चौरसिया, रामराज राठौर, सुरेश बिजोलिया, हेमंत जिनवाल, पूर्व पार्षद राजेश शुक्ला आदि गणमान्य लोग सहित श्री वैष्णव ट्रस्ट के पदाधिकारी गिरधर गोपाल नागर, लक्ष्मी कुमार मुछाल, कमल नारायण भूराडिया, देवेन्द्र कुमार मुछाल, देवेन्द्र नागर, त्रिलोकनाथ कपूर, विष्णु पसारी, स्वास्थ्य विभाग के श्री विनय जी पांडे, पार्षद भरत पारिख, डॉ. एसडी जाधव, डॉ. रवि पंजाबी, डॉ प्रतीक ठक्कर सहित प्रबुद्धजन, स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी एवं स्थानीय रहवासी उपस्थित रहे. संचालन वैष्णव ट्रस्ट के मेडिकल डायरेक्टर डॉ रवि पंजाबी ने किया. क्लिनिक के सञ्चालन की जिम्मेदारी श्री वैष्णव चैरिटी ट्रस्ट की रहेगी.

> श्री वैष्णव चैरिटी ट्रस्ट के अध्यक्ष पुरषोत्तमदास पसारी एवं मंत्री राधाकिशन सोनी ने कहा गंभीर मरीजों को क्लिनिक से क्लॉथ मार्किट अस्पताल एवं अन्य अस्पतालों में रेफर किया जा सकेगा जहाँ उन्हें आयुष्यमान का लाभ भी मिल सकेगा. ये स्वास्थ्य केंद्र सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुले रहेंगे. इनके जरिये सामान्य ओपीडी परामर्श, गर्भवती महिलाओं की जांच और टीकाकरण और रोगों के उपचार की सेवाएं मिलेंगी. इनमें उच्च रक्तचाप और मधुमेह जैसे रोगों की जांच की सुविधा भी रहेगी.

# रचनाकारों ने सावन पर कविताएं व लोकगीत किए प्रस्तुत

## सरोकार साझा मंच द्वारा सावन- मनभावन कार्यक्रम का आयोजन

नवभारत न्यूज

**इंदौर. सरोकार साझा मंच के जुलाई माह के आयोजन सावनः मनभावन का आयोजन सावनः राग विषय पर संयोजिकाएं अंजू मोटवानी और डॉ. विद्या पाराशर के सशक्त संयोजन में सम्पन्न हुआ. कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्ष महिमा शुक्ला ने सावन माह के वैज्ञानिक पहलुओं एवं उनके प्रभावों के रोचक विवरण से की.**




डॉ. अर्चना त्रिवेदी ने सावन में उत्पन्न व्यवहारिक समस्याओं की ओर संकेत करते हुए उनके समाधान पर विचार साझा किए. संयोजिका डॉ. विद्या पाराशर ने पावन सावन की अगवानी करते हुए मंच के सदस्यों को अपनी सृजनात्मक प्रस्तुतियों के लिए आमंत्रित किया. कार्यक्रम में सावन की परंपराएं, रीति-रिवाज़, नीति, कर्मकांड, सांस्कृतिक, प्राकृतिक और सामाजिक संदर्भ पर सारगर्भित वक्तव्य संगीता चौहान, आशा मुंशी, निर्मला बागोरा, ज्योति निकम, विजया नायक आदि ने प्रस्तुत की. कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा सावन राग-सुरंग जिसमें मंच की प्रतिभाशाली रचनाकारों- रश्मि तिवारी, आरती तिवारी, सुरभि शुक्ला, करुणा प्रजापति, मृदुला शर्मा, इंदु जैन, स्मिता शाह, कृष्णा जोशी, हेमा रावत, संतोष रघुवंशी, वंदना मिश्र मोहिनी, अमिता मराठे, अर्चना पंडित, कविता चौहान और विद्या पाराशर ने अपनी सुंदर कविताएं व लोकगीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया. इस अवसर पर निर्मला बागोरा ने मंच के सदस्यों को श्रृंगार शगुन भेंट कर पारंपरिक रंग भरा. अंजू मोटवानी द्वारा आयोजित रोचक सावन गेम- पहले आएं और खेलें, में सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए.



# भक्ति रूपी तिजोरी को सुरक्षित रखने का नाम ही सत्संग

**▶ भागवत कथा में धूमधाम से मनाया गोवर्धन पूजा उत्सव**

**इंदौर.** हमारे अंदर बैठे अहंकार रूपी कंस को जब तक हम मारेगे नहीं, कृष्ण के दर्शन नहीं होंगे. भक्ति रूपी तिजोरी को सुरक्षित रखने का नाम ही सत्संग है. हमारे धर्म ग्रंथों और शास्त्रों में जितनी भी बातें हैं, वे सब मानव मात्र के लिए कल्याणकारी है लेकिन विडंबना है कि हम सनातन धर्मी धीरे धीरे अपने शास्त्रों से दूर होते जा रहे हैं.

भागवताचार्य पं. ऋषभदेव महाराज ने सोमवार को राजेंद्र नगर स्थित टंकी हॉल पर परशुराम महासभा की मेजबानी में चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ में गोवर्धनपूजा एवं भगवान की बाललीला के दौरान उक्त दिव्य बातें कहीं. भक्तों ने गोवर्धन पूजा का उत्सव भी धूमधाम से मनाया. कथा शुभारंभ के पूर्व शहर की पूर्व महापौर डॉ. उमा शशि शर्मा, पूनम-संजय मिश्रा, प्रमिला शर्मा, बीना शुक्ला, धरणीधरण मिश्रा, कैलाश तिवारी, रमाकांत शर्मा, गोपाल शर्मा, सत्येन्द्र शर्मा, विशाल शर्मा, कीर्ति नागर, प्रवीणा अग्निहोत्री, कोमल दीक्षित, राजेश हरदेनिया ने व्यासपीठ का पूजन किया. गोवर्धन पूजा उत्सव में शहर की प्रथम महिला जूही पुष्यमित्र भार्गव, सुरेश शर्मा, पं. विकास अवस्थी, कन्नू मिश्रा, शंकर शर्मा, संदीप तिवारी, दिनेश शर्मा, ललीता गहलोत, निहारिका शर्मा, अनीता नागदे, शीतल शर्मा, रिंकू तिवारी, वर्षा शर्मा, कविता मिश्रा, पायल शर्मा, दीपिका शर्मा, मोनिका शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं मातृ शक्ति ने गोवर्धन पर्वत एवं बाल ग्वालों का पूजन किया. संयोजक पं. संजय मिश्रा ने बताया कि 8 जुलाई को कथा में रुक्मणी मंगल उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा.

**धर्मसभा** ▶ **नरसिंह वाटिका पर आचार्य विश्वरत्न सागर की धर्मसभा में उमड़ रहा जनसैलाब**

# चातुर्मास आत्म निरीक्षण और परीक्षण का पर्व

**इंदौर. धर्म के प्रति हमारी प्यास कभी खत्म नहीं होना चाहिए. चातुर्मास स्वयं को जांचने का एक ऐसा दुर्लभ अवसर है, जो हमें जीवन के कल्याण की राह पर आगे बढ़ाता है. संतों और गुरूजनों के प्रवचन सुनते-सुनते कई बरस हो चुके हैं, लेकिन हमें आत्म परीक्षण और निरीक्षण करना होगा कि हमारी प्यास धर्म के प्रति कितनी बढ़ी है. सत्य, अहिंसा और अपरिगृह जैसे जिनशासन के मूलभूत सिद्धांत आज भी सारी दुनिया का मार्गदर्शन करने के लिए तैयार हैं। इन संदेशों की प्रासंगिकता कभी खत्म नहीं हो सकती.**



ये विचार हैं आचार्य नवरत्न सागर सूरिश्वर के परमप्रिय शिष्य और युवा हृदय सम्राट आचार्य विश्वरत्न सागर ने एयरपोर्ट रोड स्थित नरसिंह वाटिका पर रविवार से श्री अर्बुदगिरिराज जैन श्वेताम्बर तपागच्छ उपाश्रय ट्रस्ट पीपली बाजार, जैन श्वेताम्बर मालवा महासंघ एवं नवरत्न परिवार इंदौर के तत्वावधान में रविवार से प्रारंभ हुए चातुर्मासिक अनुष्ठान की धर्मसभा में आज उपस्थित हजारों समाजबंधुओं को आशीर्वचन देते हुए व्यक्त किए. धर्मसभा में आचार्यश्री विजय पीयूष भद्रसागर सूरिश्वर, आचार्य नयचंद्र सागर सूरिश्वर, आचार्य मृदुरत्न सागर एवं मुनि भगवंतों के अलावा साध्वी भगवंत भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे. इस अवसर पर चातुर्मास के लाभार्थी मनोहरलाल दीपक कुमार सुरणा परिवार के अलावा नवकार परिवार, महावीर मंडल युवक महासंघ सहित अनेक सोशल ग्रुप एवं समाजजनों की ओर से चातुर्मास संयोजक पुण्यपाल सुराणा, कैलाश नाहर, ललित सी. जैन, मनीष सुराणा ने समाजबंधुओं की अगवानी की. धर्मससभा में शहर के श्री संघों की ओर से प्रीतेश ओस्तवाल, शेखर गेलड़ा, पारस बोहरा, डॉ. प्रकाश बागानी, दिलसुखराज कटारिया, विजय मेहता, दीपक सुराणा, दीपक जैन, अक्षय बम, भगवतसिंह नागोरी, यशवंत जैन, सुनील पटवा, सुनील जैन, शैलेन्द्र नाहर, संतोष मेहता, अभय चौपड़ा, मालवा महासंघ के वीरेन्द्र जैन, राजेन्द्र करणपुरिया, नागेश्वर तीर्थ के धर्मचंद जैन, नवरत्न परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण चौधरी, फुलेरा राष्ट्रीय सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष राजेश जैन, यशवंत सांखला, अनिल जैन, दीपक दुग्गड़ सहित बड़ी संख्या में विशिष्टजन उपस्थित थे।

> **अनेकों तीर्थों का जीर्णोद्धार कराया**
>
> सभा को मुनि कीर्तिरत्न सागर सूरी ने भी संबोधित किया. उन्होंने कहा कि आचार्य विश्व रत्न सागर सूरिश्वर ने अनेकों तीर्थों का जीर्णोद्धार कराया और धर्म, संस्कृति एवं एकता का शंखनाद कर आज समाज को पूरे विश्व में विशिष्ट पहचान दिलाई है. लोकप्रिय एवं युवाओं के हित चिंतक संत के रूप में समूचा समाज उनकी वंदना करता है. समाजबंधुओं ने आचार्यश्री को अपने कांधों पर उठाकर सभा के मंच तक पहुंचाया।